## छत्तीसगढ़ शासन
## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
**मंत्रालय,**
**महानदी भवन, नया रायपुर**

**–::संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–**

क्रमांक एफ 1–27 /राजस्व/राहत/2016 रायपुर, दिनांक 07/07/2016

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सुदृढ़ करने हेतु भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना के अंतर्गत मानव संसाधन की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना के अंतर्गत निम्नांकित संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक 30.07.2016 तक आमंत्रित किया जाता है।

**पदों का विवरण निम्नानुसार है:–**

| क्रमांक | जिला | रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | योग |
| **राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(पद–सलाहकार राज्य आपदा प्रबंधन संविदा) निश्चित वेतन रू. 50000/– प्रति माह** | | | | | | |
| 1 | राज्य कार्यालय | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| **जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पद–सलाहकार जिला आपदा प्रबंधन संविदा) निश्चित वेतन रू. 40000/– प्रति माह** | | | | | | |
| 1 | रायपुर | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 2 | दुर्ग | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | राजनांदगांव | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 4 | कोरबा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | रायगढ़ | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 6 | सरगुजा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 7 | कोरिया | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 8 | जांजगीरचांपा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 9 | बस्तर | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 10 | सुकमा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 11 | कांकेर | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 12 | महासमुन्द | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 13 | जशपुर | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 14 | धमतरी | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | योग | 0 | 1+0 | 0 | 1+14 | 2+14 |

**विज्ञापन की शेष शर्ते एवं योग्यता विभाग की वेबसाईट http://revenue.cg.nic.in** पर उपलब्ध है।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हेतु संविदा पदों के विज्ञापन हेतु शर्ते एवं योग्यता का विवरण

**(1)शैक्षणिक योग्यताः**—एम0 बी0 ए0, (Human Resource) या आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर ।
**(2)सेवा की अवधि** :— नियुक्ति तिथि से 31 मार्च 2017 तक
**(3)कार्य अनुभव** :— संबंधित क्षेत्र में अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी।
**(4)आयू—सीमा** :— दिनांक 30.06.2016 को 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए , आरक्षित वर्ग के लिये निर्धारित आयू—सीमा में नियमानुसार छूट रहेगी ।
**(5)आवेदन**— प्रत्येक पद हेतु पृथक — पृथक आवेदन करें ।
**(6)चयन** :— मेरिट एवं कार्य अनुभव के आधार पर चयन की जावेगी ।

**(7)आवेदन पत्र निम्न पते पर भेंजेः—संयुक्त सचिव छ0ग0 शासन(राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग कक्ष कमांक एडी 2—35 महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर पिन कोड—492002**

**(7)अन्य भार्तेः—**

1— नियुक्ति मार्च 2017 तक के लिये या जब तक भारत सरकार से राषि प्राप्त होती रहेगी तब तक के लिए रहेगी।

2— जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हेतु चयनित उम्मीदवार संबंधित जिला कलेक्टर/अध्यक्ष के आधीन कार्य करेंगे।

3— सलाहकार के रूप में राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विकास एवं उन्ययन हेतु कार्य करेगें।

4— भारत सरकार के निर्देषानुसार राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित बैठक आदि में सम्मिलित होकर राज्य शासन को प्राधिकरण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही जैसे आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अर्न्तगत लंबित योजनाओं का कियान्वयन।

5— आवेदक भारत का नागरिक हो, हिन्दी एवं अंग्रेजी का ज्ञान आवष्यक है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जावें।
6— संविदा पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं/अनुभव न्यूनतम है।
7— आवेदक अपनी अर्हताओं की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें, चयन में किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीद्वारी समाप्त की जावेगी ।
8— आवेदन पत्र विज्ञापन में प्रकाशित निर्धारित प्रपत्र में होंगे अन्यथा आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा ।

9– आवेदक अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं के पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा करे/चिपकाये।

10–चयनित उम्मीद्वारों की नियुक्ति निर्धारित अवधि के लिये की जावेगी ।

11–आयु संबंधी प्रमाण के लिए हाईस्कूल/हायर सेकेन्ड्री का प्रमाण पत्र/अंक सूची एवं समस्त शैक्षणिक अर्हता हेतु अभिप्रमाणित शैक्षणिक प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

12–जिलों के लिये प्रस्तुत आवेदन में प्राथमिकता के अनुसार आवेदक 3 जिलों का चयन कर सकता है, परन्तु नियुक्ति का अधिकार विभाग का होगा ।

13–विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहे है।

14–अपूर्ण व निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा ।

15–उम्मीद्वारों का चयन पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के मैरिट आधार पर किया जावेगा ।

संयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

संयुक्त सचिव,
छत्तीसगढ़ भाासन
(राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण)
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
मंत्रालय, महानदी भवन, एडी–2–35
नया रायपुर 492002

| आवेदक का नवीनमतम पासपोर्ट फोटो |
|---|

1. आवेद्रित पद का नाम ....................................
2. प्राथमिकता के अनुसार जिला ....................................
3. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ....................................
   (अंग्रेजी में) ....................................
4. पिता / पति का नाम ....................................
5. जन्मतिथि ....................................
   (दिनांक 30 जून 2016 को आयु) .........दिन........माह.......वर्ष
6. जाति (अ.जा. / अ.ज.जा. / अपिव / सामान्य) ..........................................
   (जाति प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें)
7. पत्र व्यवहार हेतु पता ....................................
   ....................................
8. स्थायी पता :– ....................................
   ....................................
   ....................................
9. शैक्षणित योग्यता:–

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अर्जित प्राप्तांक / प्रतिशत् |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

10. अनुभव यदि कोई हो तो :

| पदनाम | संस्थान का नाम | अवधि | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

11. आवेदक नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित/सत्यापित प्रमाण पत्र अवश्य लगावें, अन्यथा जाति/श्रेणी के लिए जो लाभ शासन द्वारा स्वीकृत किये गये है प्राप्त नही होंगे तथा शैक्षणिक योग्यता/अनुभव के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि के अभाव में योग्यता/अनुभव मान्य नही होगा ।

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है, जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास में है कि इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है, त्रुटिपूर्ण एवं छिपाकर तथा अपूर्ण और असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी ।

गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त/समाप्त की जावेगी, मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

संलग्न सहपत्रों का विवरण :–

1.
2.
3.
4.
5.

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर
(नाम एवं पूर्ण पता सहित)